संपादकीय

# पंजाब से सीखे सारा भारत

*वेद प्रताप वैदिक-*

अब से लगभग 65 साल पहले मैंने इंदौर में एक आंदोलन चलाया था कि सारे दुकानदार अपने नामपट हिंदी में लगाएं। अंग्रेजी नामपट हटाएं। दुनिया के सिर्फ ऐसे देशों में दुकानों और मकानों के नामपट विदेशी भाषाओं में लिखे होते हैं, जो उन देशों के गुलाम रहे होते हैं। भारत को आजाद हुए 75 साल हो रहे हैं लेकिन भाषाई गुलामी ने हमारा पिंड नहीं छोड़ा है। जो हाल हमारा है, वही पाकिस्तान, श्रीलंका और म्यांमार का भी है। नेपाल, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों में ऐसी गुलामी का असर काफी कम दिखाई पड़ता है।

इस मामले में पंजाब की आप पार्टी की सरकार ने कमाल कर दिया है। उसने अब यह नियम कल (21 फरवरी) से लागू कर दिया है कि दुकानों पर सारे नामपट पंजाबी भाषा में होंगे और सारी सरकारी वेबसाइट भी पंजाबी भाषा में होंगी। जो इस नियम का उल्लंघन करेगा, उसे 5 हजार रु. तक जुर्माना भरना पड़ेगा। इससे भी सख्त नियम महाराष्ट्र में लागू हैं। वहां नामपट यदि मराठी भाषा और देवनागरी लिपि में नहीं होंगे तो एक लाख रु. तक जुर्माना ठोका जा सकता है। तमिलनाडु में भी जुर्माने की व्यवस्था है। कर्नाटक में भी नामपटों को कन्नड़ भाषा में लिखने का आंदोलन जमकर चला है।

यदि सारे भारत के प्रांत इसी पद्धति का अनुकरण करें तो कितना अच्छा हो। सबके घरों और दुकानों पर नामपट मोटे-मोटे अक्षरों में अपनी प्रांतीय भाषाओं में हों और छोटे-छोटे अक्षरों में राष्ट्रीय संपर्क भाषा हिंदी में हों और यदि कोई किसी विदेशी भाषा में भी रखना चाहें तो रखें। यदि यह नियम सारे देश में लागू हो जाए तो एक-दूसरे की भाषा सीखना भी काफी सरल हो जाएगा। यदि पंजाब की आप सरकार इतनी हिम्मत दिखा रही है तो दिल्ली में केजरीवाल की सरकार भी यही पहल क्यों नहीं करती?

दिल्ली अगर सुधर गई तो उसका असर सारे देश पर होगा। हमारे सभी राजनीतिक दल आजकल वोट और नोट के चक्कर में पागल हुए हैं। उन्हें समाज-सुधार से कोई मतलब नहीं है। भाषा के सवाल पर कानून बनाने की जरूरत ही क्यों पड़ रही है? यह तो लोकप्रिय जन-आंदोलन बनना चाहिए। जैसे 5-7 साल पहले मैंने ''स्वभाषा में हस्ताक्षर'' अभियान चलाया था। अब तक लगभग 50 लाख लोगों ने अपने हस्ताक्षर अंग्रेजी से बदलकर स्वभाषाओं में करवा लिए हैं। भारत के लोगों में स्वभाषा-प्रेम कम नहीं है लेकिन उसे जागृत करने का जिम्मा हमारे राजनीतिक दल और नेता लोग ले लें तो भारत को महाशक्ति बनने में देर नहीं लगेगी। दुर्भाग्य है कि हमारे साधु-संत, मौलवी और पादरी लोग भी भाषा के मुद्दे पर मौन रहते हैं। क्या उन सब पर मैं यह रहस्य उजागर करूं कि कोई भी राष्ट्र विदेशी भाषा के दम पर महाशक्ति नहीं बना है।

# टीसीएस के बेंगलुरु नवाचार केंद्र का राजीव चंद्रशेखर ने किया उद्घाटन



**बेंगलुरू।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने गुरुवार को यहां जापानी कंपनी रेनेसास और देश की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस की साझेदारी में स्थापित नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया। इस नवाचार केंद्र में भारत और जापान की प्रतिभाओं का संगम होगा।

इस मौके पर श्री चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार भारत को सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में दुनिया में अग्रणी बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके लिए पाठ्यक्रम को फिर से डिजाइन करने, लैब बनाने और अनुसंधान को प्रोत्साहन देने, और विश्वविद्यालयों की क्षमता बढ़ाने के लिए वित्तपोषण जैसी पहलें शुरू की गई हैं।

टीसीएस-रेनेसास के नवाचार केंद्र के उद्घाटन पर उन्होंने दोनों कंपनियों के शीर्ष नेतृत्व को सेमीकंडक्टर को लेकर प्रधानमंत्री की सोच से अवगत करवाया। रेनेसास अब एक और दुनिया की अग्रणी कंपनी है जिसने भारतीय सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अगली पीढ़ी के उपकरण और उत्पाद बनाने को लेकर एक स्थानीय भागीदार के साथ भारत में नवाचार केंद्र स्थापित कर रहा है।

उन्होंने कहा, ''सरकार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए नीतिगत ढांचे के माध्यम से मांग और संसाधन आवंटन सहित सेमीकंडक्टर के क्षेत्र के विकास को मदद जारी रखेगी। हम इस तरह की साझेदारी को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, क्योंकि हमारे स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को इससे बढ़ावा मिलेगा और वैश्विक बाजार के लिए सहयोग में आईपी और उपकरणों का विकास होगा।

उन्होंने कहा, ''हम ऑटोमोटिव, कंप्यूट, मोबिलिटी और एआई और डेटा के संपूर्ण को भारत और भारतीय उद्यमिता के लिए अवसरों के रूप में देखते हैं।''

नवाचार केंद्र में ऑटोमोटिव, आईओटी और 5जी सिस्टम्स में अग्रणी प्रौद्योगिकी के लिए सेमीकंडक्टर समाधानों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

बाद में, राज्यमंत्री ने बीएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर का दौरा किया। वहां उन्होंने न्यू इंडिया फॉर यंग इंडिया संवाद-सत्र के तहत छात्रों के साथ बातचीत की। छात्रों ने उनसे स्किलिंग, स्टार्टअप्स, डिजिटल इंडिया, सेमीकॉन इंडिया, इंटरनेट सेफ्टी और इंडिया टेकेड से संबंधित प्रश्न पूछे।

उन्हें प्रख्यात लेखक डी. वी. गुंडप्पा की पुस्तक, 'मनकुथिम्मना कग्गा' भेंट की गई और कॉलेज प्रबंधन की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रेनेसास में आईओटी और इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस यूनिट के कार्यकारी उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक डॉ शैलेश चिट्टीपेड्डी और टीसीएस के सीओओ श्री एन गणपति सुब्रमण्यम शामिल थे।

# अब 2 घंटे में दिल्ली से जयपुर पहुंचाएगी ट्रेन, एक और बड़े प्रोजेक्ट पर मुहर



**नई दिल्ली।** लोगों की रेगुलर ट्रैवलिंग को आसान बनाने के लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रहे हैं। पूरे देश में एक्सप्रेसवे और लिंक रोड्स का जाल बिछाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने और उन्हें तेज दौड़ाने के लिए मजबूत आधारभूत ढांचा तैयार करने पर भी बहुत तेजी से काम चल रहा है। इसी कड़ी में भारतीय रेलवे ने अब दिल्ली से जयपुर के बीच एलिवेटेड रेल ट्रैक की योजना बनाई है। मीडिय रिपोर्ट के अनुसार इस ट्रैक पर ट्रेनों की स्वीकृत अधिकतम स्पीड 200-220 किलोमीटर प्रति घंटा होगी।

हालांकि इसकी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट यानी डीपीआर बनना अभी बाकी है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि रेल मंत्रालय ने इस योजना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि एलिवेटेड रेल ट्रैक परियोजना की अभी डीपीआर बनेगी फिर इसे रेल मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

डीपीआर को मंजूरी मिलने के बाद अगले साल से इस पर काम शुरू हो जाएगा। उनका कहना है कि इस योजना के पूरा होने के बाद दिल्ली-जयपुर के बीच यात्रा का समय लगभग आधा हो जाएगा। फिलहाल ट्रेन से दिल्ली से जयपुर पहुंचने में 5-6 घंटे का समय लगता है। शताब्दी भी 4 घंटे से ज्यादा का समय लेती है। ऐसे में 200-220 की स्पीड पर अगर ट्रेन चलती है तो ये सफर 2 घंटे का ही रह जाएगा। यानी एक बार फिर ट्रेन एक्सप्रेसवे के मुकाबले जल्दी जयपुर पहुंचने का साधन बन जाएगी।

# निगरानी समिति का कार्यकाल दो हफ्ते के लिए बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे आरोपों की जांच के लिये गठित निगरानी समिति का कार्यकाल दो हफ्तों के लिये बढ़ा दिया है। मंत्रालय ने विज्ञप्ति में बताया कि निगरानी समिति ने अपनी रिपोर्ट जमा करने की आखिरी तिथि बढ़ाने का निवेदन किया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। इस फैसले के आधार पर यह समिति कुश्ती महासंघ का दैनिक कामकाज भी जारी रखेगी। गौरतलब है कि विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित कई सुसज्जित पहलवानों ने जनवरी में कुश्ती महासंघ के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करते हुए अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीडऩ और जान से मारने की धमकी देने जैसे संगीन आरोप लगाये थे। खेल मंत्रालय ने इन आरोपों की जांच के लिये 24 जनवरी को एमसी मैरीकॉम की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय निगरानी समिति का गठन किया और बृजभूषण को जांच पूरी होने तक अध्यक्ष पद से हटने के आदेश दिये गये थे।

# सीतारमण ने जी-20 वित्त मंत्रियों के साथ की द्विपक्षीय बैठकें



**बेंगलुरु।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज जी 20 बैठक से पहले अमेरिका और जापान सहित अन्य देशों के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

इस दौरान उन्होंने क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करने के लिए वैश्विक ढांचा बनाने, वैश्विक ऋण जोखिमों से निपटने के उपायों और बहुपक्षीय विकास बैंक को मजबूत बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक यहां कल से शुरू होगी। जी20 विकसित और विकासशील देशों का एक समूह है। श्रीमती सीतारमण इस दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए यहां आई हैं। उन्होंने अब तक अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन, जापान के वित्त मंत्री शुनिची सुजुकी और इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोरगेट्टी के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें की हैं। उनकी ऐसी 10 से अधिक बैठकें हुयी है।

वित्त मंत्री ने सुश्री येलन के साथ अपनी बैठक में क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करने और बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने बैठक के बाद ट्वीट किया, दोनों नेताओं ने 2023 में जी20 की भारत की अध्यक्षता के तहत वित्तीय प्राथमिकताओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने, वैश्विक ऋण की कमजोरियों, क्रिप्टोसंपत्तियों को विनियमित करने और स्वास्थ्य को मजबूत करने के अलावा 'जस्ट एनर्जी ट्रांजिशन पार्टनरशिप' (जेईटीपी) पर चर्चा की।

एक अलग ट्वीट में मंत्रालय ने कहा कि श्रीमती सीतारमण ने अपनी जापानी समकक्ष के साथ 'जी20 वित्त ट्रैक 2023' के तहत प्राथमिकताओं पर चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि इटली के वित्त मंत्री ने बैठक के दौरान 2023 में भारत की सफल अध्यक्षता के लिए अपना पूरा समर्थन देने की बात कही।

# कृत्रिम हीरा प्रौद्योगिकी पर अनुसंधान के लिए आईआईटी मद्रास को 243 करोड़ रु का अनुदान



**नई दिल्ली।** प्रयोगशाला में उत्पन्न हीरों (एलडीजी) के कारोबार और निर्यात प्रोत्साहित करने के लिए इस बार के बजट में प्रस्तावित योजना के तहत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास (आईआईटी-मद्रास) को शोध केंद्र विकसित करने के लिए 242.96 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अनुदान की यह राशि पांच वर्ष में दी जाएगी । इससे आईआईटी मद्रास में भारतीय प्रयोगशाला उत्पन्न हीरा केंद्र (इनसेंट-एलडीजी) स्थापित किया जाएगा। सरकार और रत्न-आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की संयुक्त समिति द्वारा आईआईटी-मद्रास की क्षमता के आकलन के बाद वहां लैब उत्पन्न हीरा प्रौद्योगिकी विकास केंद्र स्थापित किए जाने का निर्णय किया गया है। इस संबंध में वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल की अध्यक्षता में परियोजना आकलन समिति की सिफिरिश को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंजूरी दी।

इस माह में शुरू में प्रस्तुत वर्ष 2023-24 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एलजीडी मशीनरी, सीड तथा सामग्री के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन देने देश के किसी एक आईआईआई को इस क्षेत्र में अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के लिए अनुदान दिए जाने की घोषणा की थी।

मंत्रालय ने कहा है कि इस परियोजना का उद्देश्य घरेलू उद्योगों और उद्यमियों को मिशन के रूप में प्रौद्योगिकी केमिकल वेपर डिपॉजिशन (रासायनिक वाष्प निक्षेप) वीसीडी और हाई प्रेसर एंड हाई टेम्प्रेचर (उच्च दाब एवं उच्च ताप) एचपीएचटी -दोनों प्रकार की प्रणालियों के साथ साथ एलजीडी हीरे के लिए सामग्री के देश में ही विकास के माध्यम से घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करना है।

# भारत दौरे पर मैक्सवेल, मार्श की वनडे टीम में वापसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के विरुद्ध मार्च में होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला के लिये ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श को टीम में शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसकी जानकारी दी।

मार्श को टखने की सर्जरी के कारण तीन महीने के लिये क्रिकेट से दूर कर दिया गया था, जबकि मैक्सवेल नवंबर में एक दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में अपना पैर फ्रैक्चर करवा बैठे थे। मैक्सवेल अपनी सर्जरी और रिहैब से गुजऱने के बाद फिलहाल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में विक्टोरिया के लिये खेल रहे हैं, जबकि मार्श इस सप्ताहांत लिस्ट-ए क्रिकेट में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिये खेल सकते हैं। दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच जारी टेस्ट सीरीज के समापन के बाद मुंबई (17 मार्च), विशाखापटनम (19 मार्च) और चेन्नई (22 मार्च) में होने वाले एकदिवसीय मुकाबलों के जरिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे। सीए ने बताया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के बाद घर लौटने वाले डेविड वॉर्नर भी एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा लेंगे। वॉर्नर को दूसरे टेस्ट के दौरान कंकशन और कोहनी में हेयरलाइन फ्रैक्चर होने के कारण ऑस्ट्रेलिया लौटना पड़ा था। नवंबर में इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले ट्रैविस हेड भारत में भी वॉर्नर के साथ सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभा सकते हैं। भारत के विरुद्ध टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके तेज गेंदबाज जॉश हेज़लवुड वनडे सीरीज में भी नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि जून में इंग्लैंड के विरुद्ध होने वाली एशेज़ टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए हेज़लवुड को आराम दिया गया है।

बेली ने कहा, जॉश का इस सीरीज में खेलना बहुत अच्छा होता लेकिन हमने इंग्लैंड दौरे को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरती है जहां वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

बेली ने कहा, विश्व कप सिर्फ सात माह दूर है और भारत में ये मैच हमारी तैयारी का अहम हिस्सा हैं। ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल मार्श और झे रिचर्डसन संभवत : अक्टूबर में हमारी टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे।

# नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित होगी यामी गौतम की थ्रिलर फिल्म चोर निकल के भाग




हाल ही में यामी गौतम की वेब सीरीज लास्ट ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित हुई थी। अब उनकी एक और फिल्म का ओटीटी पर प्रदर्शन होने जा रहा है। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की है कि यामी गौतम और सनी कौशल की फिल्म चोर निकल के भाग आगामी 24 मार्च को स्ट्रीमिंग की जाएगी। तेज-तर्रार डकैती-थ्रिलर के रूप में जानी जाने वाली यह फिल्म अजय सिंह द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स के अमर कौशिक और दिनेश विजान द्वारा निर्मित है।

शरद केलकर अभिनीत, चोर निकल के भागा एक एयर होस्टेस और उसके व्यवसायी प्रेमी की कहानी है, जो एक ऋण शार्क के चंगुल से खुद को मुक्त करने के लिए हीरे चोरी करने के मिशन पर हैं। हालाँकि, डकैती बुरी तरह से गलत हो जाती है जब हीरों को ले जाने वाला विमान ही बंधक स्थिति में फंस जाता है। अजय सिंह ने कहा कि चोर निकल के भागा में काम करना एक रोमांचकारी, रोलर कोस्टर राइड साबित हुआ।

यामी और सनी को निर्देशित करना और इस फिल्म को उनके प्रदर्शन के माध्यम से देखना और कथानक रोमांचक था और मैं नेटफ्लिक्स के माध्यम से दुनिया भर के दर्शकों को हमारे प्यार के अनुभव का इंतजार नहीं कर सकता।

# हेरा फेरी-3 : फरहाद सामजी को लेकर विरोध में आए दर्शक, हटाने की मांग

आखिरकार, बहुत सारी अटकलों और अनुरोधों के बाद, फिरोज नडियाडवाला बपनी प्रतिष्ठित कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी के 3रे भाग को शुरू करने में सफल हो गए हैं। इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियत इसकी प्रतिष्ठित तिकड़ी - अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल हैं, जो इस फिल्म के जरिये एक बार फिर से दर्शकों को रोमांचित करने आ रहे हैं। हालांकि जब से इस फिल्म के निर्देशक का नाम सामने आया है दर्शकों ने इसके खिलाफ एक अभियान छेड़ दिया है। अब गुस्साए प्रशंसक एक याचिका पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। मीडिया में जब से इस बात की जानकारी सामने आई है कि सलमान खान की आगामी फिल्म किसी का भाई किसी की जान और पूर्व में हाउसफुल 4 का निर्देशन कर चुके फरहाद सामजी को हेरा फेरी-3 के निर्देशन की बागडोर सौंपी गई है, तब से दर्शक इस बात को लेकर परेशान हो गए हैं कि फरहाद सामजी को निर्देशक के तौर पर क्यों लिया गया है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन भाग्यशाली बीतेगा। सामाजिक दायरा बढेगा व मान सम्मान में वृद्धि होगी। गलतफहमी का शिकार होने से बचें। घर और बाहर के अव्यवस्थित खाने से बचें। आज खर्च भी हो सकता है।

***वृष :*** आज का दिन खुशगवार बीतेगा क्योंकि दिन शुभ है। अपने प्रेमी से आज मिलन होगा। दिनभर उत्साह बना रहेगा। कुछ असमंजस के कारण मुनाफे के रास्ते में अड़चन आ सकती है। माता पिता का आशीर्वाद बना रहेगा।

***मिथुन :*** आज का दिन थोड़ा सावधानी से चलने का है। आसपास के लोगों से बहसबाजी में न उलझें। किसी शुभ मांगलिक कार्य में जाने का मौका मिलेगा। दूसरों की मदद से दिल को सुकून मिलेगा। सेहत सामान्य रहेगी।

***कर्क :*** आपके लिए आज का दिन सामान्य रिजल्ट देने वाला होगा। रोजगार व्यवसाय में लाभ होगा। ईमानदारी से बनाए गए रिश्ते लंबे समय तक आपका साथ निभाएंगे। कुछ लोगों की किस्मत आज चमक सकती है। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

***सिंह :*** आज का दिन काफी व्यस्त रहेगा। मेहनत के बाद उसका फल मिल जाएगा। अपने पार्टनर के साथ शाम का स्पेशल प्रोग्राम कामयाब होगा। इज्जत बढ़ेगी और अचानक घूमने-फिरने से कोई फायदा हो सकता है।

***कन्या :*** आज का दिन खुशगवार बीतेगा। लाभ के मौके मिलेंगे। किसी असरदार शख्स पर पैसा खर्च होगा। जीवन की दिशा नया मोड़ लेगी। यात्रा होगी और जायदाद के कागजों में दस्तावेजों के प्रति सजग रहें।

***तुला :*** आपके लिए आज का दिन एक्टिव है। पैसे की परेशानियां सुलझ जाएंगी। हैल्थ से जुड़ी परेशानियां हल हो जाएंगी। कोई समाचार प्राप्त होने के योग है। किसी खास व्यक्ति से परिचय होगा और बिजनेस में फायदा पहुंचेगा।

***वृश्चिक :*** थोड़ी सी मेहनत से ही सम्मान मिलेगा। अच्छे व्यवहार से नए दोस्त बनेंगे और नए प्रोजेक्ट पर काम भी शुरू हो जाएगा। ऑफिस में खास परिवर्तन होंगे व काम भी बनते नजर आएंगे। मनोरंजन के प्रयास रहेंगे।

***धनु :*** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। राजनीतिक गतिविधियां बढ़ेंगी। किसी अनुभवी व्यक्ति से लाभ उठाएं लेकिन उस पर धन खर्च होगा। जीवन की दिशा नया मोड़ लेगी। प्रॉपर्टी के मामले हल होंगे।

***मकर :*** छोटे-मोटे झगड़े दिन के पहले हिस्से में सिर उठाएंगे लेकिन आपकी सूझबूझ से जल्द ही निपट जाएंगे। बढ़ते खर्च पर लगाम लगेगी। अधिक मेहनत करेंगे और अपने व्यवहार में सुधार करेंगे तो फायदे में रहेंगे।

***कुंभ :*** व्यवसाय में लाभ होगा। ऑफिस में काम को धीरे-धीरे ही करेंगे तो फायदे निश्चित हैं। पढ़ाई-लिखाई में ध्यान दें। प्रॉपर्टी का लाभ मिलेगा। मेहनत से किए गए काम के अच्छे नतीजे निकलेंगे। ऑफिस में नए साथी काम में हाथ बंटाएंगे।

***मीन :*** आज आपका दिन भाग्यशाली रहेगा। व्यापार और इन्वेस्टमेंट में चिंता खत्म होगी। घूमने फिरने और मनोरंजन का सुख मिलेगा। नए दोस्त बनेंगे। डेली रूटीन और खाने-पीने का पूरा प्रोग्राम व्यवस्थित तरीके से बनाएं।

# एक ही तरह के पकोड़े खाकर हो गए हैं बोर, तो ट्राई करें टमाटर का पकोड़ा



टमाटर के पकोड़े भी स्वाद में काफी लाजवाब होते हैं। इसे बच्चे और बड़े दोनों ही खाना पसंद करते हैं। आइए जानते हैं इसकी रेसिपी।

## सामग्री :

4-5 टमाटर, 1 कटोरी बेसन, 1 टी स्पून हल्दी पाउडर, 1 टी स्पून गरम मसाला, 1 चुटकी धनिया पाउडर, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, तेल तलने के लिए, नमक स्वादानुसार

## विधि :

- सबसे पहले टमाटर को साफ पानी से धोएं।
- इसके बाद टमाटर को साफ कपड़े से पोछ लें और इन्हें मोटे स्लाइस में काट लें।
- अब इस पर लाल मिर्च पाउडर, थोड़ा सा गरम मसाला छिड़क दें।
- फिर एक बर्तन में बेसन लें, इसमें नमक, गरम मसाला, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर डालें।
- इस मिश्रण में पानी डालकर घोल तैयार कर लें।
- अब एक कड़ाही में तेल गर्म करें।
- टमाटर स्लाइस को बेसन के साथ अच्छी तरह से लपेट लें।
- इन्हें एक-एक कर गर्म तेल में डीप फ्राई कर लें।


# शब्द सामर्थ्य- 352

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 351 का हल



# सू-दोकू- 352



नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक ... सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 351 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |